Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to accord AIIMS status to Medical College in Pilkani district, Saharanpur, Uttar Pradesh.

श्री प्रदीप कुमार चौधरी (कैराना): उत्तर प्रदेश राज्य भारत के बड़े प्रदेशों में से एक प्रदेश है । आपका ध्यान पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता की स्वास्थ्य संबंधी समस्या की तरफ दिलाना चाहता हूं । पश्चिमी उत्तर प्रदेश विशाल जनसंख्या का प्रदेश हो गया है । कैंसर, हार्ट अटैक आदि गंभीर बीमारियों के कारण हजारों मरीज प्रतिदिन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के लिए दिल्ली, ऋषिकेश, चंडीगढ़ आदि में इलाज कराने के लिए जाते हैं । अधिक दूरी होने के कारण काफी मरीज रास्ते में हिम्मत हार जाते हैं । उत्तर प्रदेश का जनपद सहारनपुर, दो राज्य हरियाणा और उत्तराखंड को जोड़ने वाला मुख्य जनपद है । मेरे संसदीय क्षेत्र कैराना के अंतर्गत सहारनपुर पिलखनी स्थित राजकीय मेडिकल कालेज को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी एम्स में सम्मिलित करने हेतु सभी आधारभूत संरचनाएं उपलब्ध हैं, लेकिन मेडिकल सुविधाएं काफी कम हैं । सहारनपुर में एम्स बनने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मरीजों को ही नहीं बल्कि हरियाणा, उत्तराखंड के मरीजों को काफी लाभ होगा । सरकार द्वारा 16वीं लोक सभा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी कि एम्स के लिए विभिन्न राज्यों में कार्य किये हैं, जिसमें उत्तर प्रदेश भी शामिल है । पश्चिमी उत्तर प्रदेश से अत्यधिक दूरी होने के कारण वहां जाकर इलाज करना असंभव हो जाता है । उत्तर प्रदेश की सरकार और केंद्र सरकार ने भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत बड़े स्तर पर काम किया है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की इस मुख्य समस्या को दृष्टिगत रखते हुए पिलखनी जनपद, सहारनपुर में स्थित राजकीय मेडिकल कालेज को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का दर्जा दिया जाए ।